आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.12.2024 समय : 1905

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस दो हजार चौबीस के अवसर पर राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये।
- सुगम्य भारत अभियान आज अपनी नौवीं वर्षगांठ मना रहा है।
- भारत के संविधान को अपनाने की पचहत्तरवीं वर्षगांठ के अवसर पर सरकार द्वारा कई गतिविधियों के आयोजन किए जा रहे हैं।
- द्वीपसमूह में एलएनजी बिजली परियोजना पुनः शुरू की गई है।
- केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि खेलो इंडिया योजना में इक्कीस खेलों के लिए एथलीटों की पहचान की गई है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस दो हजार चौबीस के अवसर पर तैंतीस प्रतिशत की दिव्यांगता वाले अनुकरणीय व्यक्तियों और संस्थानों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने संबोधन में कहा कि इस पुरस्कार के विजेता समाज के लिए आदर्श के रूप में उभरकर सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनका अनुसरण करके अन्य व्यक्ति और संस्थान दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि दिव्यांगजनों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने, उनके कौशल को विकसित करने, उन्हें रोजगार देने, उनके उत्पादों को खरीदने की प्राथमिकता देने और बाजार की सुविधायें प्रदान करने से दिव्यांगजनों के नेतृत्व की क्षमता बढ़ेगी। राष्ट्रपति ने दिव्यांगजनों को सार्वभौमिक सुगमता प्रदान करने में सुगम्य भारत अभियान की भूमिका का उल्लेख किया। यह अभियान इस बात का प्रमाण है कि दिव्यांगजन सहानुभूति के पात्र नहीं बल्कि सम्मान के पात्र हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि इस वर्ष का विषय–समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए दिव्यांगजनों के नेतृत्व को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

सुगम्य भारत अभियान आज अपनी नौवीं वर्षगांठ मना रहा है। इसे सुलभ भारत अभियान के नाम से भी जाना जाता है। इस परिवर्तनकारी पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों के लिए एक सुगम और समावेशी भारत का निर्माण करना है। पिछले नौ वर्षों में सुगम्य भारत अभियान के अंतर्गत दिव्यांग लोगों के लिए समावेशी विकास

करने में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई है। हजारों सरकारी इमारत और परिवहन सुविधाओं की नवीनीकरण से लेकर सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित करने और सुलभ टीवी सामग्री सुनिश्चित करने तक यह अभियान सार्वभौमिक सुगम्यता के लिए आधार तैयार कर रहा है। आज सभी पैंतीस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों और पचपन घरेलू हवाई अड्डों में रेम्प, सुलभ शौचाल, हेल्प डेस्क और लिफ्ट ब्रेल और श्रवण प्रणाली से सुसज्जित हैं। लगभग सात सौ नौ रेलवे स्टेशनों को पूरी तरह, जबकि चार हजार से अधिक स्टेशनों को आंशिक रूप से दिव्यांगता अनुकूल बनाया गया है। लगभग छह प्रतिशत बसें पूरी तरह से और लगभग तीस प्रतिशत को आंशिक रूप से दिव्यांगता अनुकूल बनाया गया है। वहीं इस पहल के तहत एक हजार से अधिक दिव्यांगों को भारतीय सांकेतिक भाषा में प्रशिक्षित किया गया है।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर दक्षिण अंडमान खंड परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा की ओर से आज विशेष देखभाल वाले बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा के तहत विज्ञान केन्द्र में अध्ययन दौरा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप–शिक्षा अधिकारी ज्ञान शील दुबे मुख्य अतिथि थे। सम्माननीय अतिथि शिक्षा अधिकारी देबाशीष पॉल ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विज्ञान केन्द्र के सम्मेलन कक्ष में छात्रों को विज्ञान जादू शो दिखाया गया। छात्रों ने प्रदर्शनी का भी आनन्द लिया और नवाचार और नए नमूनों पर काम किया। अध्ययन दौरे में सत्ताईस स्कूलों के लगभग दो सौ अड़तीस विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

भारत के संविधान को अपनाने की पचहत्तरवीं वर्षगांठ के अवसर पर सरकार द्वारा कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में स्कूली बच्चों को प्रतियोगिताओं और गतिविधियों में भाग लेने के लिए माई गॉव में, युवा प्रतिभागियों को माई भारत डॉट जी ओ वी डॉट इन में और आम जनता के लिए कॉन्स्टिट्यूशन 75 डॉट कॉम पर अपनी सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया जा रहा है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में एलएनजी बिजली परियोजना पुनः शुरू की गई है। सांसद बिष्णु पद रे ने कहा कि द्वीपों में बिजली संकट को देखते हुए सांसद के अनुरोध पर प्रधानमंत्री के निर्देश के बाद द्वीपों में एल एन जी बिजली परियोजना को शुरू किया गया है। सांसद ने प्रधानमंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा कि द्वीपों में नई ग्रिड से

जुड़ी सौर ऊर्जा परियोजना को लागू करने के लिए फिर से प्रस्ताव लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के इस फैसले से द्वीपों में लंबे समय से चल रहे बिजली संकट को कम करने में काफी मदद मिलेगी।

<><><><><><><>

नौसेना दिवस मनाए जाने के सिलसिले में मरीना फ्लैग पोस्ट के पास समुद्र में खड़े भारतीय नौसेना के जलयानों में कल सूर्यास्त के बाद से रात दस बजे तक रोशनी की जाएगी। फ्लैग प्वाइंट में नेवी बैंड की प्रस्तुती भी होगी।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से कल लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–सांपों के ज़हर का इलाज व बचाव। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. राजीव कुमार घोष श्रोताओं से संवाद करेंगे। श्रोता फोन संख्या दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम कल शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

<><><><><><><>

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि खेलो इंडिया योजना में इक्कीस खेलों के दो हजार सात सौ इक्यासी एथलीटों की पहचान की गई है, जिनमें पैरा एथलीट भी शामिल हैं। योजना के अंतर्गत खेलो इंडिया प्रतिभा विकास कार्यक्रम के एक भाग के रूप में इन एथलीटों को आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है। लोकसभा में एक लिखित उत्तर में श्री मांडविया ने कहा कि खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत खेलो इंडिया प्रतिभा विकास कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभाओं की पहचान की जाती है और उन्हें आगे बढ़ने में मदद की जाती है।

<><><><><><><>

द्वीप पर्यटन उत्सव सत्ताईस दिसम्बर से इक्कतीस दिसम्बर तक मनाया जाएगा। इस सिलसिले में इच्छुक कारीगरों, उद्यमियों, फर्मों और व्यक्तिगत लोगों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कारीगरों को उत्पाद की विविधता के आंकलन के बाद चार सौ रूपये की दर से दशमलव आठ दो वर्गमीटर स्थान आवंटित किया जाएगा। इनमें स्थानीय कारीगर, मेहंदी कलाकार, टैटू कलाकार जैसे कलाकार दस दिसम्बर शाम तीन बजे तक पर्यटन निदेशालय के योजना अनुभाग में आवेदन जमा कर सकते हैं।

उधर, उत्सव में खान–पान के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। नियमों और शर्तों के अनुसार लॉटरी के जरिए कियॉस्क का आवंटन किया जाएगा। इच्छुक उद्यमी, विक्रेता, फर्म और व्यक्तिगत लोग किराया और सुरक्षा जमा राशि के साथ आवेदन फॉर्म दस दिसम्बर तक सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के योजना

अनुभाग में जमा कर सकते हैं। कियॉस्क का आवंटन सत्रह दिसम्बर को किया जाएगा। आवंटन पत्र बीस दिसम्बर को जारी किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीप पर्यटन उत्सव के दौरान खेल गतिविधियों के लिए प्रदर्शनी मैदान के दूसरे हिस्से में खुली जगह का आवंटन किया जाएगा। चयनित आवेदकों को पांच दिनों तक चलने वाले उत्सव के लिए चार सौ छियासी रूपये प्रति वर्गमीटर की दर से जगह उपलब्ध कराई जाएगी। खेल गतिविधियों का आंकलन करने के बाद स्थल का आवंटन किया जाएगा। इसके लिए आवेदकों को कुल किराए का दस प्रतिशत सुरक्षा जमा राशि जमा करना होगा। स्थान के आवंटन के लिए निर्धारित किराया और सुरक्षा जमा राशि के साथ आवेदन दस दिसम्बर को शाम तीन बजे तक पर्यटन निदेशालय के योजना अनुभाग में जमा करना होगा। फार्म विभाग के वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><><>

द्वीप पर्यटन उत्सव को देखते हुए कला और संस्कृति विभाग द्वीपों के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। इस सिलसिले में कार्यक्रम समन्वयक और उद्घोषक की नियुक्ति की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार, जिनके पास स्नातक डिग्री है और जिन्हें हिन्दी और अंग्रेजी भाषा का ज्ञान है, वे मूल प्रमाणपत्रों के साथ आठ दिसम्बर को सुबह साढ़े दस बजे सेल्यूलर जेल परिसर स्थित कला संस्कृति निदेशक के कक्ष में सीधे साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को द्वीप पर्यटन उत्सव में समन्वयक और मंच उद्घोषक के लिए नियुक्त किया जाएगा।

<><><><><><><>